विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

प्रदेश सरकार : भट्ट 11 अरुंधती अमेरिका से बाहर दूसरी सबसे शक्तिशाली महिला 13

उत्तरप्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • बिहार • झारखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से

सीमावर्ती गांव सोलर लाइट से जगमगाएंगे

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी : भारत-नेपाल सीमा से सटे गांव भी रोशनी से जगमगाएंगे। स्केल संस्था की ओर से एसएसबी ने मंगलवार को काठगोदाम स्थिति ट्रांजिट कैंप में सीमावर्ती गांवों के जनप्रतिनिधियों को ढाई सौ सोलर लाइट वितरित की।

एसएसबी की पांचवीं बटालियन ने चुखा, खेती, सीम, गंगसेर व संगस्रम गांवों के लिए 74 लाइट, 11वीं बटालियन ने गुंजी व गर्ब्यांग गांव के लिए 61 लाइट, 39वीं बटालियन ने किरतपुर गांव के लिए 40 लाइट, 49वीं बटालियन ने कोहिपुर गांव के लिए 30 लाइट व 57वीं बटालियन ने थपलियाखेड़ा गांव के लिए 45 सोलर लाइट दी हैं।

स्केल संस्थान के सेक्रेटरी अरुण सिन्हा के मुताबिक अब तक 750 सोलर लालटेन, सोलर होम लाइट, सोलर मोबाइल चार्जिंग स्टेशन आइटीबीपी की लोहाघाट बटालियन के माध्यम से इंडो-चाइना सीमा से लगे पिथौरागढ़ के 40 गांवों के लिए निःशुल्क वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर एसएसबी के महानिरीक्षक श्याम सिंह, अरुण सिन्हा, रश्मि सिन्हा, उपमहानिरीक्षक डॉ. पीके रोशन, एसएस राय, उत्तरायन को आपरेटिव की तरफ से प्रदीप नेगी (सेक्रेटरी), मनीश रौतेला, संतोश कुमार, संजीव मौजूद थे।